शिक्षा का साहित्य

प्रत्येक प्रश्न संख्या के अन्तर्गत दिए गए विकल्पों में से आपने जिस प्रश्न को उत्तर देने के लिए चुना है, उसके आगे बने बॉक्स पर निशान (✓) अवश्य लगाएँ अन्यथा आपका उत्तर अमान्य हो सकता है ।

लघु-उत्तर वाले प्रश्न (लगभग 100 शब्दों में उत्तर दें) ।

प्रत्येक प्रश्न के लिए अधिकतम अंक 5 है ।

1. शिक्षा के साहित्य से आप क्या समझते हैं ? उदाहरण देकर समझाएँ ।

अथवा

शिक्षा के साहित्य और अन्य साहित्य में क्या अंतर है, स्पष्ट करें ।

2. यदि आपको बच्चों के लिए कहानियाँ लिखनी हो तो आप किस प्रकार की कहानियों को लिखेंगे और क्यों ?

अथवा

पंचतंत्र की कहानियाँ आज भी हमारे समाज में लोकप्रिय क्यों हैं ?

3. 'शिक्षा का साहित्य' अध्ययन सामग्री में दिए गए साहित्य संकलन के अलावा किसी अन्य साहित्य का उदाहरण दीजिए, जिसे इसका हिस्सा बनाया जा सकता है । साथ में कारण भी बताएँ ।

अथवा

शिक्षा का साहित्य विषय के अध्ययन के दौरान विभिन्न रचनाओं को समझने और विश्लेषण करने में क्या आपको कोई समस्या हुई ? क्यों या क्यों नहीं ?

4. एकलव्य की कहानी में शिक्षा के किन-किन मुद्दों की छवी देखते हैं, विभिन्न प्रसंगों के आधार पर विश्लेषण करें ।

अथवा

क्या शिक्षक पर भी समाज के कई दबाव होते हैं ? एकलव्य की कहानी में गुरु द्रोणाचार्य के प्रसंग के आधार पर उपरोक्त कथन की व्याख्या करें ।

5. 'बस की सैर' कहानी में बच्चे और बचपन की किन-किन विशेषताओं की छवि मिलती है ?

अथवा

क्या बच्चों द्वारा स्वयं लिखी गई कहानियों एवं अन्य साहित्यों को 'शिक्षा के साहित्य' विषय में शामिल किया जाना चाहिए या फिर इसमें केवल प्रसिद्ध साहित्यिक रचनाओं को ही रखना चाहिए । क्यों या क्यों नहीं ?

S3·3

6. 'इतवा मुण्डा ने लड़ाई जीती' में आपने किन-किन मुद्दों की चर्चा को पाया । उनका संक्षिप्त उल्लेख करें ।

अथवा

'झण्डा' कहानी में शिक्षा और समाज के किन मुद्दों की झलक मिलती है, उनकी चर्चा करें ।

S3·3

7. इस विषय में 'रचना की मीमांसा' से क्या तात्पर्य है ? उदाहरण देकर समझाएँ ।

अथवा

'स्वामी और दोस्त' कहानी में स्वामीनाथन किस प्रकार का बच्चा है ? उसकी विशेषताओं का उल्लेख करें ।

S3·3

8. जॉन होल्ट ने अपने लेख 'शिक्षकों की वास्तविक सत्ता' में किस प्रकार के स्कूलों की चर्चा की है, संक्षेप में बताएँ ।

अथवा

अपने से साक्षात्कार का क्या अर्थ है तथा शिक्षा के लिए इसके क्या निहितार्थ हैं ? 'अकेली यात्रा के देहरी पर' निबंध के आधार पर समझाएँ ।

दीर्घ-उत्तर वाले प्रश्न (न्यूनतम 350 शब्दों में उत्तर दें)।

प्रत्येक प्रश्न के लिए अधिकतम अंक 10 है ।

9. शिक्षा के साहित्य विषय के अध्ययन से अपने क्या-क्या सीखा और विद्यालय शिक्षण में इससे क्या फायदा हुआ ? यदि आपको अपने किसी अन्य सहकर्मी शिक्षक या शिक्षिका को इस बात के लिए मनाना हो कि वह भी शिक्षा के साहित्यों में रूचि ले तो उसे अपने अनुभव से क्या-क्या तर्क देंगे ?

अथवा

प्रेमचंद द्वारा रचित 'बड़े भाई साहब' में शिक्षा के किन मुद्दों को उठाया गया है ? सविस्तार चर्चा करें । आज के संदर्भ में आप उन मुद्दों को कितना प्रासंगिक मानते हैं ?

अथवा

शिक्षकों के लिए 'दिवास्वप्न' एक अनूठी अनुभव आधारित मज़ेदार पुस्तक है । इसका अध्ययन आपने डी० एल० एड० (ओ० डी० एल०) के किस सत्र और विषय के अंतर्गत किया है । इस पुस्तक में किन-किन मुद्दों की चर्चा की गई है और आपने उससे क्या सीखा ? विश्लेषण करें ।

10. शिक्षा के उद्देश्य एवं शिक्षण बिन्दु में 'रचना की मीमांसा' से क्या तात्पर्य है ? इसका क्या महत्व है ? कोई दो साहित्यिक रचनाओं की चर्चा करते हुए समझाएँ ।

अथवा

नचिकेता की कहानी को पढ़कर आप उस काल की शिक्षा के विषय में क्या अनुमान लगा सकते हैं जिससे नचिकेता जैसे बालक को अपने पिता के कार्य पर सवाल उठाने की शक्ति मिली । क्या आज की शिक्षा में वह तत्व है, विस्तार से चर्चा करें ।

अथवा

'तोता' कहानी के आधार पर बच्चों को दी जानेवाली शिक्षा व्यवस्था का विस्तृत विश्लेषण करें तथा वर्तमान शिक्षा व्यवस्था के संदर्भ में उसकी प्रासंगिकता पर टिप्पणी करें ।